Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 20

No. of Printed Pages – 11 + World Map

**SS–11–Pol. Sc. (Supp.)**

Tear Here

# उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2025

# SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2025

## राजनीति विज्ञान

## POLITICAL SCIENCE

**समय** : 3 **घण्टे** 15 **मिनट**

**पूर्णांक** : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

   Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

   **All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

यहाँ से काटिए

4) **जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।**

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) **प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तरण में किसी प्रकार की त्रुटि/अन्तर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।**

If there is any error/ difference/ contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Write down the serial number of the question before attempting it.

7) **प्रश्न क्रमांक** 14 **से** 20 **में आंतरिक विकल्प हैं।**

There are internal choice in Question No. 14 to 20.

## खण्ड – अ

## SECTION - A

**बहुविकल्पीय प्रश्न** (i से xviii) **:**

Multiple Choice Questions (i to xviii) :

**1)** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर–पुस्तिका में लिखिये :**

Choose the correct option to answer the following questions and write it in the answer book-

i) **समाजवादी क्रान्ति से सोवियत संघ की स्थापना कब हुई?** **[1]**

अ) 1913 ब) 1917

स) 1921 द) 1923

When was the Soviet Union established through the socialist revolution?

A) 1913 B) 1917

C) 1921 D) 1923

ii) **यूरोपीय संघ का निम्न में से एक सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है –** **[1]**

अ) इटली ब) जर्मनी

स) हंगरी द) फ्रान्स

One of the following members of European Union is a permanent member of the United Nations Security Council -

A) Italy B) Germany

C) Hungary D) France

iii) **भारत ने 1989 में से किस देश से अपनी 'शांति सेना' को बिना लक्ष्य प्राप्त किये वापस बुला लिया?** **[1]**

अ) भूटान ब) म्यांमार

स) श्रीलंका द) बांग्लादेश

From which country the Indian 'Peace Keeping Force' pulled out in 1989 without attaining its objective?

A) Bhutan B) Myanmar

C) Sri Lanka D) Bangladesh

iv) **जो युद्ध, प्राकृतिक आपदा अथवा राजनीतिक उत्पीड़न के कारण स्वदेश छोड़ने को मजबूर हो जाते है, उन्हें कहते है –** **[1]**

अ) अप्रवासी ब) मूलवासी

स) शरणार्थी द) पर्यटक

Those who Flee From war, natural disaster or political persecution, are called-

A) Migrants B) Indigenous people

C) Refugees D) Visitors

v) 'वर्ल्ड सोशल फोरम' की पहली बैठक कब हुई? [1]

अ) 2001 ब) 2004

स) 2008 द) 2012

When did the First meeting of the 'World Social Forum' held?

A) 2001 B) 2004

C) 2008 D) 2012

vi) वैश्वीकरण के बारे में कौन–सा कथन सही है? [1]

अ) वैश्वीकरण केवल पूंजी का प्रवाह है ब) वैश्वीकरण की शुरूवात भारत से हुई

स) वैश्वीकरण केवल वस्तुओं का प्रवाह है द) वैश्वीकरण बहुआयामी परिघटना है

Which of the statement explains the meaning of globalisation?

A) Globalisation is only Flow of capital

B) Globalisation began From India

C) Globalisation is only Flow of commodity

D) Globalisation is a multidimensional phenomenon

vii) स्वतन्त्रता के समय निम्न में से गुजरात की एक रियासत थी – [1]

अ) कोल्हापुर ब) रामपुर

स) जूनागढ़ द) ग्वालियर

At the time of independence one of the following was a princely state of Gujarat -

A) Kolhapur B) Rampur

C) Junagadh D) Gwalior

viii) योजना आयोग का अध्यक्ष होता था – [1]

अ) राष्ट्रपति ब) प्रधानमन्त्री

स) वित्तमन्त्री द) गृहमन्त्री

The Chairman of the planning commission was-

A) President B) Prime Minister

C) Finance Minister D) Home Minister

ix) नीति आयोग कब अस्तित्व में आया? [1]

अ) 1 जनवरी 2015 ब) 1 जनवरी 2016

स) 1 जनवरी 2017 द) 1 जनवरी 2018

When did NITI Aayog come into existance?

A) 1 January 2015 B) 1 January 2016

C) 1 January 2017 D) 1 January 2018

x) गुटनिरपेक्ष आन्दोलन की नींव किस सम्मेलन में पड़ी थी? [1]

अ) बेलग्रेड सम्मेलन ब) बांडुंग सम्मेलन

स) एशियाई सम्मेलन द) इनमें से कोई नहीं

In which conference was the Foundation of Non-Aligned movement laid?

A) Belgrade conference B) Bandung conference

C) Asian relations conference D) None of these

xi) भारत व चीन के बीच पंचशील समझौता कब हुआ? [1]

अ) 1952 ब) 1953

स) 1954 द) 1955

When was the Panchsheel Agreement signed between India and China?

A) 1952 B) 1953

C) 1954 D) 1955

xii) वर्तमान में ताशकन्द किस देश की राजधानी है? [1]

अ) ताज़िकिस्तान ब) किर्गिजिस्तान

स) तुर्कमेनिस्तान द) उज़्बेकिस्तान

Tashkent is currently the capital of which country?

A) Tajikistan B) Kyrgyzstan

C) Turkmenistan D) Uzbekistan

xiii) 25 जून 1975 को किस अनुच्छेद के अन्तर्गत आपातकाल की घोषणा की गई? [1]

अ) 350 ब) 352

स) 356 द) 360

Under which article was the emergency declared on 25 June 1975?

A) 350 B) 352

C) 356 D) 360

xiv) 1977 में 'कॉंग्रेस फॉर डेमोक्रेसी' दल किसके नेतृत्व में गठित हुआ? [1]

अ) मोरारजी देसाई ब) जयप्रकाश नारायण

स) जगजीवन राम द) चरण सिंह

Under whose leadership was the 'Congress for Democracy' party formed in 1977?

A) Morarji Desai B) Jayaprakash Narayan

C) Jagjivan Ram D) Charan Singh

xv) निम्न में से किसे पूर्वोत्तर की 'सात बहनें' कहा जाता है? [1]

अ) सात महिला राजनेता ब) सात राज्य

स) सात नदियाँ द) सात पहाड़ियाँ

Which of the following is called 'Seven Sisters' in the North East?

A) Seven female politicians B) Seven states

C) Seven rivers D) Seven hills

xvi) 1966 में 'मिजो नेशनल फ्रन्ट' के सशस्त्र संघर्ष का उद्देश था – [1]

अ) भारत में अलग राज्य की मांग ब) भारत से अलग राज्य की मांग

स) महँगाई का विरोध द) बेरोज़गारी का विरोध

The aim of the armed struggle of the 'Mizo-National Front' in 1966 was -

A) Demand for a separate state in India

B) Demand for a separate state from India

C) Protest against rising price

D) Protest against unemployment

xvii) कांशीराम ने किस दल का गठन किया? [1]

अ) समाजवादी पार्टी　　ब) राष्ट्रीय जनता दल

स) जनता दल　　द) बहुजन समाज पार्टी

Which party did Kanshi Ram form?

A) Samajwadi Party　　B) Rashtriya Janata Dal

C) Janata Dal　　D) Bahujan Samaj Party

xviii) मई 2004 से मई 2014 तक मनमोहन सिंह किस गठबन्धन से प्रधानमन्त्री बने? [1]

अ) संयुक्त मोर्चा　　ब) राष्ट्रीय मोर्चा

स) संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन　　द) राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन

From which coalition did Manmohan Singh became Prime Minister from May 2004 to May 2014?

A) United Front　　B) National Front

C) United Progressive Alliance　　D) National Democratic Alliance

**2)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये (i से vi) :

Fill in the blanks (i to vi) :

i) चेकोस्लोवाकिया के विभाजन से ............... तथा ................ नामक दो देश बने। [1]

The division of Czechoslovakia created two countries named ______ and ________.

ii) दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौता 1 जनवरी ................ (वर्ष) से प्रभावी हो गया। [1]

South Asian Free Trade Area Agreement (SAFTA) came into effect on 1 January ________ (Year).

iii) संयुक्त राष्ट्र में कुल ................. मूल संस्थापक सदस्य थे। [1]

The United Nations had total ________ original founding members.

iv) 1999 में ............... में विश्व व्यापार संगठन की मन्त्रीस्तरीय बैठक हुई। [1]

In 1999 the ministerial level meeting of the World Trade Organisation was held at ________.

v) 1944 में उद्योगपतियों के समूह द्वारा नियोजित अर्थव्यवस्था के संयुक्त प्रस्ताव को ................ नाम से जाना जाता है। [1]

The joint proposal for a planned economy by a group of industrialists in 1944 is know as the name ________.

vi) 1971 के लोकसभा चुनाव में इन्दिरा गांधी के खिलाफ बतौर उम्मीदवार ............. ने चुनाव लड़ा था।[1]

________ contested the 1971 Lok Sabha election as a candidate against Indira Gandhi.

**3)** **अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न** (i से xii) **:**

**(निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में दीजिए।)**

Very Short Answer Type Questions (i to xii) :

(Answer the following questions in one word or one line).

i) **यूरोपीय संघ के झण्डे में बारह सितारे किसके प्रतीक है?** **[1]**

What do the twelve stars in the Flag of the European Union symbolize?

ii) **विश्व में वैकल्पिक शक्ति केन्द्र के रूप में जापान का नाम क्यों है? कोई एक कारण बताइये।** **[1]**

Why is Japan known as an alternative power center in the world? Give one reason.

iii) **दक्षिण एशिया में आने वाले देशों के नाम बताइये। (कोई चार)** **[1]**

Name the countries situated in South Asia. (any four)

iv) **श्रीलंका की राजनीति में किस समुदाय का अधिक प्रभाव है?** **[1]**

Which community has more influence in the politics of Sri Lanka?

v) **संयुक्त राष्ट्र संघ के अभिकरण** WHO **का पूरा नाम लिखिये।** **[1]**

Write the full name of WHO, an agency of the United Nations.

vi) **भारत के प्रथम चुनाव आयुक्त का नाम लिखिये।** **[1]**

Name the first election commissioner of India.

vii) **मतपत्र एवं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान में क्या अन्तर हैं? (कोई एक)** **[1]**

What is difference between voting by ballot paper and electronic voting machine? (Any one)

viii) **भारत की स्वतन्त्रता के समय उदारवादी–पूंजीवादी विकास मॉडल किन देशों में अपनाया हुआ था? (कोई दो)** **[1]**

In which countries was the liberal capitalist development model adopted at the time of India's independence? (Any two)

ix) **भारत के योजना आयोग ने नियोजित अर्थव्यवस्था चलाने के लिये सोवियत संघ की तरह कौन–सा विकल्प चुना?** **[1]**

Which option did the planning commission of India choose like the Soviet Union to run a planned economy?

x) **'ऑपरेशन ब्लू स्टार' से क्या अभिप्राय है? संक्षेप में लिखिये।** **[1]**

What is meant by 'Operation Blue Star'? Write in brief.

xi) **दिसम्बर** 89 **से जून** 91 **तक कौन–कौन भारत के प्रधानमन्त्री रहे?** **[1]**

Who were the Prime Ministers of India from December 89 to June 91?

xii) **मई** 2014 **से किस गठबन्धन की सरकार भारत में चल रही है?** **[1]**

Which coalition government is running in India since May 2014?

## खण्ड – ब

## SECTION - B

लघुत्तरात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा लगभग 50 शब्द)
Short Answer Type Questions - (Answer Limit about 50 words)

4) सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था के गतिरूद्ध होने के कोई दो कारण बताइये। **[1+1=2]**
Give any two reasons for the stagnation of the economy of the Soviet Union.

5) भारत एवं सोवियत संघ के राजनीतिक व सैन्य सम्बन्धों को संक्षेप में समझाइये। **[1+1=2]**
Briefly explain the political and military relations between India and the Soviet Union.

6) भारत का बांग्लादेश से 'नाराज' होने के कारणों को संक्षेप में लिखिये। **[2]**
Write in brief the reasons for India's anger with Bangladesh.

7) विश्व की साझी सम्पदा से आप क्या समझते हैं? सोदाहरण संक्षेप में समझाइये। **[2]**
What do you understand by the world's common? Explain brief with examples.

8) निम्न को सुमेलित कर तालिका बनाकर सही उत्तर लिखिये – **[2]**

| | सूची – अ | | सूची – ब |
|---|---|---|---|
| अ) | श्यामा प्रसाद मुखर्जी | i) | कम्यूनिस्ट नेता |
| ब) | ए.के. गोपालन | ii) | प्रथम शिक्षा मन्त्री |
| स) | राजकुमारी अमृत कौर | iii) | भारतीय जनसंघ के संस्थापक |
| द) | मौलाना अबुल कलाम | iv) | प्रथम स्वास्थ्य मन्त्री |

Match the following and make a table to write the correct answer -

| | LIST - A | | LIST - B |
|---|---|---|---|
| a) | Shyama Prasad Mukharjee | i) | Communist leader |
| b) | A.K. Gopalan | ii) | First Education Minister |
| c) | Rajkumari Amrit Kaur | iii) | Founder of Bharatiya Jana Sangh |
| d) | Maulana Abul Kalam | iv) | First Health Minister |

9) आपके मतानुसार 1967 के चुनावों के बाद काँग्रेस में 'इंदिरा बनाम सिंडिकेट' की स्थिति हो गई। अपने मत को संक्षेप में स्पष्ट करो। **[2]**
According to you, after the election of 1967, there was a situation of 'Indira verses Syndicate' in the Congress. Explain your opinion briefly.

10) आपके मतानुसार 'प्रिविपर्स' को समाप्त करना विवादास्पद था? अपने मत के पक्ष एवं विपक्ष में एक-एक तर्क दीजिये। **[1+1=2]**
In your opinion, abolition of 'Privy Purse' was controversial. Give one argument each in favour and against your opinion.

11) 1974 में रेलकर्मचारियों ने हड़ताल क्यों की तथा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया रही? **[2]**
Why did the railway employees go on strike in 1974 and what was the government's response to it?

12) भारत में स्वतन्त्रता के बाद भाषा के आधार पर राज्यों के गठन की मांग के जनआन्दोलन के कोई दो उदाहरण दीजिये। **[1+1=2]**
Give any two examples of mass movements demanding the formation of states on the basis of language after independence in India.

13) 1989 के बाद के वर्षो में भारतीय राजनीति में मुख्य मुद्दे क्या रहे? कोई दो को संक्षेप में स्पष्ट कीजिये। **[1+1=2]**
What were the main issues in Indian politics in the years after 1989? Explain briefly any two.

## खण्ड – स

## SECTION - C

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – (उत्तर सीमा लगभग 100 शब्द)**
Long Answer Type Questions - (Answer Limit about 100 words)

14) आसियान के गठन एवं उद्देश्यों की विवेचना कीजिये। **[3]**
Discuss the formation and objectives of ASEAN.

अथवा/OR

चीनी अर्थव्यवस्था के उत्थान के कारणों की विवेचना कीजिये।
Discuss the reasons for the growth of the Chinese economy.

15) आपके मतानुसार विश्व राजनीति में पर्यावरण के मसले पर भारत का दृष्टिकोण सकारात्मक रहा है। अपने कथन की सोदाहरण व्याख्या कीजिये। **[3]**
According to your opinion, India's approach on environmental issues in world politics has been positive. Explain your opinion with examples.

अथवा/OR

आपके मतानुसार विश्व राजनीति में साझी परन्तु अलग-अलग जिम्मेदारियां आवश्यक है। अपने मत की विवेचना कीजिये।
In your opinion, common but differentiated responsibilities are necessary in world politics. Explain your opinion.

16) आपके मतानुसार वैश्वीकरण में प्रौद्योगिकी महत्त्वपूर्ण कारक है। अपने मत की विवेचना कीजिये। [3]

In your opinion technology is an important factor in globalisation. Explain your opinion.

अथवा/OR

आपके मतानुसार वैश्वीकरण का राजनीतिक प्रभाव भी हुआ है। अपने मत की विवेचना कीजिये।

According to your view, globalisation has also had a political impact. Explain your views.

17) भारतीय गुटनिरपेक्षता की नीति की 'दो खेमों से दूरी' के आधार पर विवेचना कीजिये। [3]

Discuss the Indian Non Alignment policy on the basis of 'distance from two camps'.

अथवा/OR

भारत–चीन सम्बन्धों की 'तिब्बत मामले' के आधार पर विवेचना कीजिये।

Discuss the Indo-China relations on the basis of 'The case of Tibet'.

## खण्ड – द

## SECTION - D

निबन्धात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा लगभग 250 शब्द)

Essay Type Questions - (Answer Limit about 250 words)

18) भारतीय सुरक्षा नीति के निम्नों घटकों की विवेचना कीजिये – [2+2=4]

अ) सैन्य क्षमता मजबूत करना

ब) अन्तर्राष्ट्रीय नियमों व संस्थाओं को मजबूत करना

Discuss the following components of Indian security policy-

a) Strengthening military capabilities

b) Strengthen international rules and institutions

अथवा/OR

मानवता की सुरक्षा एवं विश्व सुरक्षा के सन्दर्भ में निम्न खतरों की विवेचना कीजिये –

अ) आतंकवाद

ब) मानवाधिकार हनन

Discuss the following threats in the context of human security and world security-

a) Terrorism

b) Human Rights Violetion

**19)** '1947 **में भारत विभाजन अनियोजित एवं त्रासदीपूर्ण था।' इस कथन के आधार पर विभाजन के परिणामों की विवेचना कीजिये।** **[4]**

'The partition of India in 1947 was unplanned and tragic.' On the basis of this statement, discuss the consequences of the partition.

अथवा/OR

**'रजवाड़ों का विलय एक बिकट समस्या थी जिसे सरकार के नजरिये के कारण समाधान कर लिया गया।' इस कथन की विवेचना कीजिये।**

'The merger of princely states was a difficult problem which was resolved due to the attitude of the government.' Discuss the statement.

**20)** **विश्व के राजनैतिक मानचित्र में निम्नलिखित देशों को अंकित कीजिये –** **[4]**

i) **संयुक्त राज्य अमेरिका** ii) **सऊदी अरब**

iii) **मिस्र** iv) **दक्षिण अफ्रीका**

Mark the following countries on the Political Map of World -

i) United States of America ii) Saudi Arabia

iii) Egypt iv) South Africa

अथवा/OR

**विश्व के राजनैतिक मानचित्र में निम्नलिखित देशों को अंकित कीजिये –**

i) **रूस** ii) **कनाडा**

iii) **बांग्लादेश** iv) **चीन**

Mark the following countries on the Political Map of World -

i) Russia ii) Canada

iii) Bangladesh iv) China

☯☯☯☯

DO NOT WRITE ANYTHING HERE

Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**SS–11–Pol. Sc. (Supp.)**

# उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2025

# SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2025

## राजनीति विज्ञान

## POLITICAL SCIENCE

**Political Map of World**

